DAINIK JAGRAN (12.08.2016)

यातायात नियमों के पालन की शपथ

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिरीक्षक आलोक मित्तल को स्मृति चिन्ह प्रदान करते कुलपति डॉ. दिनेश कुमार, उद्यमी केसी लखानी, डीसीपी वीरेंद्र विज।

जासं, फरीदाबाद: वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से रोटरी क्लब, फरीदाबाद ईस्ट तथा मार्गदर्शन संस्था के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर परिचर्चा तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 250 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय जांच एजेंसी में महानिरीक्षक आलोक मित्तल तथा कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने भी रक्तदान कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज विशिष्ट अतिथि रहे। रोटरी क्लब, फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने भी रक्तदान कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा तथा संकायाध्यक्ष विद्यार्थी कल्याण प्रो. एसके अग्रवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का डॉ. प्रदीप डिमरी व सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

आलोक मित्तल ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा को अध्ययन और अनुसंधान का विषय बताया। उन्होंने साल 2015 में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में प्रतिदिन 400 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते है।

इसमें 35 फीसद हादसे राष्ट्रीय राजमार्ग पर होते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन को लेकर शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान मोहित, तरुण गुप्ता, केसी लखानी, एचआर भूटानी, टीआर अरोड़ा, डॉ. आरएस वर्मा, परमजीत, सुशील कपूर मौजूद थे।

HINDUSTAN (11.08.2016)

वाईएमसीए विवि में 250 छात्रों ने रक्तदान किया

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

शिविर

- शिविर में विवि के प्रोफेसर और कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया
- समर्पित संस्था के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर परिचर्चा भी हुई

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट की ओर बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 250 विद्यार्थियों, प्रोफेसर और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। वहीं समर्पित संस्था के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इसका उद्घाटन राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिरीक्षक आलोक मित्तल और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने किया, जबकि विशिष्टअतिथि के रूप में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) विरेन्द्र विज विशिष्ट मौजूद रहे। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा, संकायाध्यक्ष विद्यार्थी कल्याण प्रो. एसके अग्रवाल, डॉ. प्रदीप डिमरी, सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल, रोटरी क्लब के मोहित, तरुण गुप्ता, केसी लखानी, एचआर भूटानी, टीआर अरोड़ा, डॉ. आरएस वर्मा, परमजीत, सुशील कपूर, रविन्दर, निधि मित्तल, डॉ. अनीशा और दिनेश रघुवंशी मौजूद रहे।

फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में बुधवार को रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें आईपीएस अधिकारी आलोक मित्तल और कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने भी रक्त दिया। • हिन्दुस्तान

NAVBHARAT TIMES (12.08.2016)

छात्रों को दिए स्किल टिप्स

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के करियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ और स्किल डिवेलपमेंट कंपनी टेलरैंग के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों की लर्निंग स्किल बढ़ाने के साथ-साथ प्रफेशनल डिवेलपमेंट के लिए प्रेरित करना था। सेमिनार में छात्रों ने टेलरैंग की टीम के साथ परिचर्चा में हिस्सा लिया, जिसका संचालन टेलरेंग की स्टूडेंट एंगेजमेंट लीडर नीरजा रहेजा ने किया। कार्यक्रम करियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता की देखरेख में किया गया।

DAINIK BHASKAR (11.08.2016)

छात्रों को दिए प्रोफेशनल डेवलपमेंट टिप्स

फरीदाबाद | वाईएमसीए साइंस एवं टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के करियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा स्किल्स डेवलपमेंट कंपनी - टेलरैंग के सहयोग से छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को लर्निंग स्किल बढ़ाने के साथ ही प्रोफेशनल डेवलेपमेंट के लिए प्रेरित करना था। टेलरैंग शिक्षण संस्थानों व उद्योगों के बीच के अंतराल को भरने के लिए छात्रों को इंटर्नशिप के लिए अवसर व प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। जिससे उनका कौशल विकास हो सके। सेमिनार में छात्रों ने टेलरैंग की टीम के साथ परिचर्चा में हिस्सा लिया। इसका संचालन टेलरैंग की स्टूडेंट एंगेजमेंट लीडर नीरजा रहेजा ने किया। परिचर्चा में प्रथम और द्वितीय वर्ष के लगभग 100 छात्रों ने हिस्सा लिया।